# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का नामी कम्पनी में चयन

पन्तनगर। 19 जून 2025। विश्वविद्यालय के सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय द्वारा ऑनलाइन साक्षात्कार के मैसर्स लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड में विश्वविद्यालय के तीन विद्यार्थियों क्रमशः तारिषी मेघा (एम.टेक. सिविल इंजीनियरिंग), सूर्यकांत बहुगुणा एवं नैनसी बर्मन (एम.टेक. इलेक्ट्रीकल इंजीनियरिंग) का चयन किया गया। चयनित विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के उपरान्त रू. 6.5 लाख प्रतिवर्ष के साथ ही अन्य सुविधाएं देय होगी।

विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के प्रयासो की सराहना की तथा चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी है। सेवायोजन एवं परामर्श निदेशक डा. एम.एस. नेगी और सह निदेशक डा. गीता पाठक ने भी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी व चयनित विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुये बताया कि भविष्य में भी निदेशालय अधिक से अधिक विद्यार्थियों के सेवायोजन हेतु प्रयासरत रहेगा।